UP: नकली खाद बेचने का चल रहा था खेल, छापेमारी के बाद दुकान से 900 बोरी डीएपी जब्त, पांच गिरफ्तार



यूपी के जालौन में शनिवार को पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने नकली डीएपी खाद बेचने वाले एक दुकान पर छापा मारकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई के दौरान लगभग 900 बोरी नकली डीएपी खाद जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 14 लाख रुपये आंकी गई है. न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक एसपी दुर्गेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई कृषि विभाग, स्थानीय पुलिस और एसओजी की एक संयुक्त टीम ने की. इस टीम का नेतृत्व जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव ने किया. सूचना मिली थी कि नादी गांव स्थित दुकान में नकली डीएपी खाद तैयार कर बेची जा रही है. इसके बाद शनिवार को शुरू हुई छापेमारी रविवार तक चली. अधिकारियों ने बताया कि आरोपी नकली डीएपी खाद को आईएफएफसीओ ब्रांड के नाम से पैक कर न केवल जालौन बल्कि आसपास के जिलों और मध्य प्रदेश तक सप्लाई कर रहे थे.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/900-bags-of-fake-dap-fertiliser-seized-in-jalaun-up-5-arrested-lclk-dskc-2111416-2024-12-01